रा.आ.बैंक/आईटीडी/कोट./ 2019
26 फरवरी, 2019

<<वेंडर नाम>>

महोदय,

**<u>एसएएन एसएसएल प्रमाणपत्र हेतु कोटेशन</u>**

राष्ट्रीय आवास बैंक (रा.आ.बैंक) निम्नलिखित उत्पादों/सेवाओं की आपूर्ति के लिये चुनिंदा कंपनियों से मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित करता है:-

| क्र.सं. | विवरण | मात्रा | वैधता | यूनिट मूल्य (i) | कर (ii) | कुल मूल्य (i + ii) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | www.nhb.org.in और ep.nhbonline.org.in डोमेन के लिए जियोट्रस्ट ट्रू बिजनेस आईडी EV | 2 (प्रत्येक डोमेन के लिए एक) | 2 साल | | | |

कृपया अपनी कोटेशन प्रस्तुत करते समय निम्नलिखित बातों का ध्यान रखें:

i. कोटेशन में अंतिम गंतव्य स्थल का मूल्य होना चाहिए जिसमें सभी लेवी एवं कर शामिल हों। कोटेशन प्रस्तुत करने की अंतिम तारीख से कम से कम 30 दिनों के लिए मूल्य मान्य हो। कृपया उक्त उत्पादों पर मिलने वाला कोई विशेष ऑफर/सीमित समय ऑफर का भी उल्लेख करें जिससे बैंक उसका लाभ उठा सके।

ii. आदेश स्वीकार करने की तिथि से 07 दिनों के भीतर प्रमाण पत्र वितरित हो जाना चाहिए। वितरण में अतिरिक्त विलंब होने पर बैंक अपने विवेकानुसार आदेश निरस्त कर सकता है।

iii. वेंडर को क्रम सं. 1 में उल्लिखित मदों हेतु निरपवाद रूप से कोट करना होगा।

iv. 100 प्रतिशत भुगतान वितरण और संस्थापन के पश्चात्

v. वेंडर को एल1 मानदंड यानी क्रम सं. 1 के एवज में सभी मदों की खरीद हेतु कुल लागत के आधार पर चयनित किया जाएगा।

vi. कोटेशन पर कंपनी के प्राधिकृत प्रतिनिधि के हस्ताक्षर हों। वह मुहरबंद लिफाफे में बंद हो, उस पर ''**एसएएन एसएसएल प्रमाणपत्र हेतु कोटेशन**'' लिख कर निम्नलिखित पते पर भेजें–

**महाप्रबंधक, आईटी विभाग, राष्ट्रीय आवास बैंक, चौथी तल, कोर 5-ए, भारत पर्यावास केंद्र**
**लोधी रोड, <u>नई दिल्ली – 110003</u>**

कोटेशन दिनांक **07.03.2019** से पूर्व उपरोक्त पते पर पहुंच जानी चाहिए। कंपनियों के प्रतिनिधि किसी भी प्रकार के स्पष्टीकरण के लिए अधोहस्ताक्षरी से कार्य दिवस के दौरान पूर्वाह्न 11 बजे से सांय 5.30 बजे के बीच कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। बैंक किसी भी कोटेशन को बिना कोई कारण बताये रद्द या स्वीकार करने और/या सभी कोटेशनों को रद्द करने का अधिकार रखता है। यदि लिफाफा ऊपर बताई गई जानकारी अनुसार मुहरबंद या चिह्नित नहीं हुआ तो बोली के गुम हो जाने या समय से पहले खुल जाने हेतु बैंक की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

भवदीय,

**सहायक महाप्रबंधक**